जेल रोड के व्यापारी पर दिनदहाड़े नकाबपोश बदमाशों ने बोला हमला

▶ ऑफिस में घुसकर पहले रॉड से पीटा, फिर पैर में घोंपा चाकू

इंदौर. जेल रोड स्थित चाइना टाउन मार्केट में बुधवार सुबह ऑफिस में घुसकर एक व्यापारी पर दो अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया. व्यापारी के साथ बदमाशों ने राड से जमकर मारपीट की, फिर पैर में चाकू घोंप दिया. इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए. आनंद के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं. पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है.

एमजी रोड थाना पुलिस के मुताबिक, बदमाशों ने व्यापारी आनंद पुत्र रामचंद्र विशपुते निवासी स्कीम-114 पर हमला किया, उन्हें गंभीर हालत में आसपास के दुकानदार इलाज के लिए एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे. आनंद का चाइना टाउन मार्केट में ऑफिस है, जहां से वे पंखे और एयर कंडीशनर का कारोबार करते हैं. बुधवार सुबह वह ऑफिस में बैठे थे और मोबाइल पर कुछ देख रहे थे. इसी दौरान बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाश वहां पहुंचे और एक बदमाश ने पीछे से लोहे की रॉड से हमला कर दिया. अचानक हुए हमले से घबराए आनंद बचने के लिए खड़े हुए तो आरोपी ने उनके कंधे और सिर पर वार कर दिया. इसके बाद दूसरे बदमाश ने उनके पैर में चाकू घोंप दिया.

सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गए बदमाश, पुलिस पहचान में जुटी

आनंद के शोर मचाने पर दोनों आरोपी बाइक से फरार हो गए. घटना के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना देकर घायल व्यापारी को अस्पताल लेकर पहुंचे. सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो इलाके के सीसीटीवी कैमरों में दोनों बदमाश बाइक से आते-जाते कैद हुए हैं. बदमाशों ने हमला क्यों किया, फिलहाल कारण पता नहीं चला सका है. पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी है.

पत्नी की टोकाटाकी से आहत पेंटर ने खुद को लगाई आग

▶ अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई मौत

इंदौर. तुकोगंज थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के बाद एक पेंटर ने खुद पर तारपीन डालकर आग लगा ली. गंभीर रूप से झुलसे पेंटर की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के मुताबिक, मृतक रामकिशन पिता हरिशंकर उम्र 50 साल निवासी लाला का बगीचा, पेशे से पेंटर था. घटना के दिन उसकी पत्नी ने उसे काम पर जाने और घर की जिम्मेदारियों को लेकर टोका था. इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिससे वह आवेश में आ गया

और विवाद के बाद रामकिशन ने घर में रखा पेंटिंग में इस्तेमाल होने वाला तारपीन का तेल अपने ऊपर डालकर आग लगा ली. चीख पुकार सुनकर उसका साढ़ू भाई कमलेश मौके पर पहुंचा और किसी तरह आग बुझाकर उसे गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचा. डॉक्टरों के मुताबिक रामकिशन का शरीर काफी हद तक झुलस चुका था. हालत नाजुक होने के कारण इलाज के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई.

पार्षद के बेटे ने दफ्तर में घुसकर निगमकर्मी को पीटा

▶ आहत नगर निगम के कर्मचारियो ने किया काम बंद

▶ कई क्षेत्रों में जलापूर्ति हुई प्रभावित

इंदौर. विजय नगर क्षेत्र की पानी की टंकी पर तैनात कर्मचारी को पार्षद पुत्र और उसके साथियों ने पीट दिया. इस घटना से आहत अन्य कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया. इस कारण आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित हो गई. यह घटनाक्रम सीसीटीवी में भी कैद हो गया, हालांकि इस घटनाक्रम का मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा. पिटाई करने वाले अमित सोनी के पिता पार्षद बालमुकुंद सोनी का कहना है कि कर्मचारी टंकी पर वाल्वमैन का काम करता है और वह शराब के नशे में था. वह मेरे बेटे पर पानी चोरी करने का आरोप लगा रहा था. जानकारी के अनुसार, विजय नगर क्षेत्र की 114 नंबर की पानी की टंकी पर कर्मचारी अभिषेक तैनात है. रात को दफ्तर में पार्षद पुत्र अमित सोनी और उसके साथी घुसे और कहासुनी के बाद उन्होंने अभिषेक पर थप्पड़ बरसाने शुरू कर दिए. उसके साथ झूमाझटकी भी की. बाद में दूसरे कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर अभिषेक को छुड़वाया. बुधवार सुबह जब मारपीट की घटना दूसरे कर्मचारियों को पता चली तो उन्होंने घटना के विरोध में काम बंद कर दिया. ये कर्मचारी वाल्व ऑपरेट करने और जलापूर्ति से जुड़े काम देखते हैं. काम बंद करने के कारण जब नल नहीं आए तो शिकायत नगर निगम कंट्रोल रूम तक पहुंची. इसके बाद अफसरों ने मामले की जानकारी जुटाई.

कुछ कर्मचारी थाने पहुंचे, पर दर्ज नहीं हुई शिकायत

इस घटना के विरोध में कुछ कर्मचारी लसुड़िया थाने भी गए थे, लेकिन उनकी शिकायत दर्ज नहीं हुई. इस घटना को लेकर पार्षद बालमुकुंद सोनी ने कहा कि कर्मचारी अभिषेक को लेकर पहले भी कई बार शिकायत आ चुकी है. वह नशा करता है. नशे के दौरान ही उसने मेरे बेटे को बुरा-भला कहना शुरू कर दिया था. इसके बाद दोनों के बीच विवाद हुआ था.

हुलिया बदलकर इंदौर में फरारी काट रहा नासिक का किलर धराया

▶ क्राइम ब्रांच और महाराष्ट्र पुलिस का जॉइंट ऑपरेशन

▶ लगातार लोकेशन बदल रहे आरोपी को छोटी ग्वालटोली से दबोचा

इंदौर. नासिक में हत्या कर फरार चल रहे कुख्यात बदमाश राजेंद्र उर्फ राजा काकवीपुरे को इंदौर क्राइम ब्रांच ने छोटी ग्वालटोली क्षेत्र से गिरफ्तार किया है. आरोपी पहचान छुपाकर रह रहा था. वह हुलिया बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था.

क्राइम ब्रांच और छोटी ग्वालटोली पुलिस ने महाराष्ट्र पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा. पुलिस के अनुसार, राजेंद्र काकवीपुरे पर 9 मई को नासिक के अड़गांव थाना क्षेत्र में चाकू से गोदकर हत्या करने का आरोप है. वारदात के बाद से ही वह फरार चल रहा था और लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था. इंदौर में उसकी लोकेशन मिलने पर नासिक पुलिस की टीम सब-इंस्पेक्टर विकास पंचमुख के नेतृत्व में इंदौर पहुंची थी.

पुलिस से बचने हुलिया और रहन-सहन बदल लिया था आरोपी ने

तकनीकी इनपुट और लोकल इंटेलिजेंस के आधार पर पता चला कि आरोपी छोटी ग्वालटोली इलाके में छिपा हुआ है. गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने अपना हुलिया और रहन-सहन तक बदल लिया था. संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया. कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को महाराष्ट्र पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है. अब नासिक पुलिस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आगे की कार्रवाई करेगी. डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश त्रिपाठी का कहना है कि नासिक पुलिस के इनपुट पर कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसे आगे की जांच के लिए महाराष्ट्र पुलिस को सौंप दिया है.

एक नजर में

राधिका शर्मा ने 93% अंक हासिल कर किया नाम रोशन

महू. केंद्रीय विद्यालय महू की छात्रा राधिका शर्मा ने कक्षा 12वीं की सीबीएससी परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है. राधिका शर्मा महू निवासी मनीष शर्मा एवं सिंधु शर्मा की पुत्री हैं. राधिका की इस सफलता पर विद्यालय परिवार, परिजनों एवं इष्ट मित्रों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है. मेहनत और लगन से हासिल की गई इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है. राधिका ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों एवं नियमित अध्ययन को दिया. उन्होंने बताया कि वह आगे लॉ की तैयारी कर रही है और भविष्य में मजिस्ट्रेट बनकर समाज एवं न्याय व्यवस्था में योगदान देना चाहती है.

शनिदेव जन्मोत्सव पर 16 मई को महाआरती का आयोजन

महू. भगवान श्री शनिदेव महाराज जन्मोत्सव पर ग्राम गवली पलासिया में 16 मई को श्रद्धा और भक्ति के साथ महाआरती का आयोजन किया जाएगा. आयोजन समिति के अनुसार सुबह 8 बजे से महाअभिषेक, नवग्रह शांति पूजन, शनि यज्ञ, भव्य श्रृंगार एवं 56 भोग अर्पित किए जाएंगे. इसके बाद शाम 5 बजे महाआरती एवं उसके पश्चात विशाल भंडारा आयोजित होगा. पं. पंकज जोशी ने बताया कि यह आयोजन ग्राम पलासिया स्थित भेरूलाल पाटीदार कॉलेज के सामने आयोजित किया जाएगा. उन्होंने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से धर्मलाभ लेने भंडारे में प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है.

1100 श्री हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ संकल्प का समापन

महू. श्री रामा सामाजिक सांस्कृतिक एवं धर्म जागरण समिति (रामादल) के संस्थापक और अध्यक्ष लोकेश शर्मा के मार्गदर्शन में हिन्दू शक्ति को संगठित करने के उद्देश्य से गोकुलगंज कैला माता चौराहे पर 1100 श्री हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया. इसमें सैकड़ों सनातनी महिला, पुरुषों, बालक बालिकाएं एवं वरिष्ठजनों, प्रमुख व्यापारियों ने भाग लिया. की उपस्थिति मे इस आयोजन का सफल संचालन किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में गोवर्धन अग्रवाल, गोपाल गोयल, कमल किशोर गर्ग, डॉ. नरेंद्र शर्मा मौजूद थे. वरिष्ठ समाजसेवी तथा रामादल के सदस्य योगेश मित्तल ने सनातनी संगठन पर विशेष प्रकाश डाला. हनुमान चालीसा पाठ को अपने विशेष स्वर लहरियारो में बांधने में श्री चक्की वाले महादेव मंदिर की भजन मंडली से प्रसिद्ध भजन गायक राकेश चौहान, पवन गुप्ता एवं शहर के प्रसिद्ध श्याम भजन गायक राहुल खंडेलवाल व आकाश गर्ग का विशेष सहयोग रहा. हनुमान चालीसा पाठ के पश्चात महाआरती हुई. इसके पश्चात साबूदाने की खिचड़ी व खोपरा पाक प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया. आयोजन को सफल बनाने में रामादल के अनेक कार्यकर्ता व समाजजनों का सराहनीय सहयोग रहा. इसमें प्रमुख रूप से गोरधन अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, जुगल गोयल, मुकेश गोयल, गोविंद काका, भगवान खंडेलवाल, योगेश एमएलए, तपन सिंघल, अशोक गोयल, योगेश मित्तल, आकाश अग्रवाल, नवीन पाल, रमेश खंडेलवाल, पवन केटरिंग आदि शामिल रहे. संचालन युवा समाजसेवी मुकेश गोयल ने किया. आभार आकाश अग्रवाल ने माना.

टैंकर चालक की संदिग्ध हालात में मौत

इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र में एक टैंकर चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. मृतक अशोक पिता नवल उम्र 45 साल निवासी काशीपुरी टैंकर चालक के रूप में काम करता था. परिजन उसे मृत अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है. हीरानगर पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है.

11.93 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

▶ पुलिस ने आरोपियों को आईटी पार्क के पास घेराबंदी कर दबोचा

▶ 1.20 लाख रुपए की ड्रग्स के साथ पल्सर बाइक भी जब्त

इंदौर. चंदन नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 1.20 लाख रुपए कीमत की ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है. आरोपी पल्सर बाइक से ड्रग्स की सप्लाई करने निकले थे. आरोपी कर्ज चुकाने के लिए यह अवैध कारोबार कर रहे थे.

चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक कारोले को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ युवक नशीले पदार्थ की खेप लेकर क्षेत्र में घूम रहे हैं. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आईटी पार्क पावर हाउस के पास घेराबंदी की. इसी दौरान पल्सर बाइक पर सवार तीन युवक आते दिखाई दिए, जिन्होंने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया गया. तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से 11.93 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 1.20 लाख रुपए बताई जा रही है. पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम विवेक साल्वी, हार्दिक चौहान और विजय नरिया बताए.

> मारपीट और धमकी के कई मामले दर्ज हैं आरोपियों पर
> पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपी खुद भी नशे के आदी हैं और आर्थिक तंगी व कर्ज के चलते ड्रग्स तस्करी में उतर गए थे. ये लोग सस्ती दर पर ब्राउन शुगर खरीदकर उसकी छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचते थे. तीनों के खिलाफ पहले से मारपीट और धमकी के कई मामले दर्ज हैं. फिलहाल पुलिस अब इस नेटवर्क के मुख्य सप्लायर और अन्य कड़ियों की तलाश में जुटी है. एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों से पूछताछ कर सप्लाई चेन के अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है.

पति से विवाद के बाद महिला ने फांसी लगाई

▶ आजाद नगर थानांतर्गत मूसाखेड़ी क्षेत्र की घटना

इंदौर. आजाद नगर थाना क्षेत्र में पति-पत्नी के विवाद के बाद महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतका का नाम कृष्णा बाई पति छोटू बताया गया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार, मूसाखेड़ी निवासी कृष्णा बाई का अपने पति छोटू से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों के बीच पहले भी अक्सर विवाद होता रहता था, लेकिन इस बार झगड़ा बढ़ने पर महिला ने कमरे में जाकर फांसी लगा ली. सूचना मिलते ही आजाद नगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया. घटना के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है. पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है. यह भी देखा जा रहा है कि विवाद केवल तत्कालिक था या इसके पीछे किसी तरह की प्रताड़ना या अन्य कारण जुड़े हैं. एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है.

सूने मकान का ताला तोड़कर दो लाख नकद सहित लाखों की चोरी

▶ हीरानगर थाना क्षेत्र के गौरी नगर में हुई वारदात

इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र में सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने ताला तोड़कर लाखों रुपए की चोरी कर ली. बदमाश घर में रखी करीब 2 लाख रुपए की नकदी और सोने-चांदी के जेवर समेटकर फरार हो गए. घटना के समय परिवार घर से बाहर गया हुआ था.

पुलिस के मुताबिक, फरियादी मुकेश पिता बलदेव सिंह नरवरिया निवासी गौरी नगर ने शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि उनके अनुपस्थित रहने के दौरान अज्ञात आरोपी मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसे. इसके बाद बदमाशों ने अलमारी के ताले तोड़कर उसमें रखे कीमती जेवरात चोरी कर लिए और घर में रखी 2 लाख रुपए की नकदी भी ले गए. परिवार के लौटने पर घर का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था. इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई. हीरानगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है.

मां के साथ छेड़छाड़

इंदौर. बाणगंगा इलाके में बेटे से विवाद के कर रहे आरोपी को समझाने व बीचबचाव करने पहुंची महिला के साथ आरोपी ने छेड़छाड़ व मारपीट की. पुलिस के अनुसार, घटना दीपमाला चौराहे के पास की है. पीड़िता जब अपने घर की ओर जा रही थी, तब उसने देखा कि आरोपी पप्पी उर्फ राकेश पिता दशरथ सिसोदिया निवासी सेक्टर-एफ, सांवेर रोड रिक्शा चलाने की किसी पुरानी बात को लेकर पीड़िता के बेटे के साथ हाथापाई और विवाद कर रहा था. अपने बेटे को पिटता देख जब पीड़िता उसे बचाने के लिए बीच में आई, तो आरोपी ने अपना आपा खो दिया. आरोपी ने पीड़िता के साथ न केवल गाली गलौज की, बल्कि बुरी नियत से उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ भी की.

वाहन चेकिंग में पकड़ाए युवक से थाने में मारपीट का आरोप

▶ वायरल वीडियो में युवक आरोप लगाते नजर आ रहा

▶ पुलिस बोली—नशे में कर रहा था हंगामा

इंदौर. सदर बाजार थाना क्षेत्र में युवक से मारपीट के आरोप का मामला सामने आया है. घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें युवक पुलिसकर्मी पर मारपीट का आरोप लगाते नजर आ रहा है, वहीं पुलिस का कहना है कि युवक शराब के नशे में था और वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा गया था.



जानकारी के मुताबिक, सोमवार रात थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था. इसी दौरान पुलिस ने गोपाल जाटव निवासी अरविंदो लोटस पार्क के पास को शराब पीकर वाहन चलाते हुए पकड़ा और वाहन जब्त कर थाने ले आई. देर रात करीब डेढ़ बजे गोपाल जाटव अपनी बुजुर्ग मां और दो बच्चों के साथ थाने पहुंचा. आरोप है कि वह थाने के अंदर पुलिसकर्मियों का वीडियो बनाने लगा. पुलिस के अनुसार, जब उसे ऐसा करने से रोका गया तो उसने हंगामा शुरू कर दिया और पुलिस पर मारपीट के आरोप लगाने लगा.

युवक के आरोपों की जांच की जा रही-वायरल वीडियो में युवक और पुलिसकर्मियों के बीच बहस दिखाई दे रही है. एक पुलिसकर्मी गुस्से में युवक की ओर बढ़ता है,

एक नजर में

बुजुर्गों के हक का पैसा या तो गलत हाथों में जा रहा है या कागजी प्रक्रियाओं में उलझाकर उनका हक डकारा जा रहा है

पात्र हितग्राही भटक रहे, मगर दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा कर कई अपात्र लोग ले रहे वृद्धावस्था पेंशन

इंदौर. वृद्धा पेंशन योजना में भ्रष्टाचार के गंभीर मामले सामने आए हैं, जहां बुजुर्गों के हक का पैसा गलत हाथों में जा रहा है या कागजी प्रक्रियाओं में उलझाकर उनका हक डकारा जा रहा है. भ्रष्टाचार के चलते जहां कई पात्र बुजुर्गों के हक पर डाका डाला जा रहा है, वहीं दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा कर कई अपात्र लोग उम्र या आय प्रमाण पत्र में हेरफेर करके पेंशन ले रहे हैं. 2026 के आंकड़ों के अनुसार, मध्य प्रदेश वरिष्ठ नागरिकों के लिए सबसे असुरक्षित राज्यों में से एक बना हुआ है.

यही नहीं, मृत व्यक्ति या सरकारी कर्मचारियों के परिजनों के नाम से पेंशन जारी होने के मामले भी सामने आए हैं. इंदौर में ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जहाँ कागजी कार्रवाई पूरी न होने के कारण एक साल तक पेंशन रुकी रही. दूसरी ओर बुजुर्गों के साथ साइबर ठगी के मामले भी आए हैं. ठग बुजुर्गों को बैंक अधिकारी बनकर कॉल करते हैं और केवाईसी या डेटा अपडेट करने के बहाने उनके बैंक खाते से पैसे निकाल लेते हैं.

शहर के मालवा मिल क्षेत्र के नया प्लाट पंचम की फेल से वृद्धावस्था पेंशन योजना में गड़बड़ी का मामला सामने आया है. क्षेत्र के कई बुजुर्ग हितग्राहियों ने बताया कि केवाईसी का हवाला देकर उनकी पेंशन अचानक बंद कर दी जाती है. कई मामलों में महीनों ही नहीं, बल्कि एक-एक वर्ष तक पेंशन की राशि उनके खातों में नहीं पहुंचती. हितग्राहियों का कहना है कि पेंशन दोबारा शुरू होने पर भी रुकी हुई अवधि की पूरी राशि नहीं दी जाती, जब वे बैंक या संबंधित विभाग से बकाया राशि की जानकारी मांगते हैं तो उन्हें स्पष्ट जवाब नहीं मिलता. ऐसे में बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा भेजी गई करोड़ों रुपये की पेंशन राशि आखिर कहां जा रही है और हितग्राही को दी क्यों नहीं जाती. बुजुर्गों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर बकाया राशि दिलाने और दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है. यह मामला सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है.

यह बोले हितग्राही...

मुझे चार साल से पेंशन मिल रही थी, अचानक बंद कर दी गई, फिर डेढ़ साल बाद पिछले महीने पेंशन मिली, लेकिन डेढ़ साल की बकाया राशि नहीं दी, मांगने पर बैंक अधिकारी द्वारा साफ मना कर दिया गया.

-शांति बाई

यह सब अधिकारियों की मिलीभगत का खेल है. हर अधिकारी कमा रहा है, करोड़ों का घोटाला है. पेंशन बंद करने से पहले हितग्राहियों को केवाईसी के लिए सूचना देना चाहिए. बकाया राशि भी हितग्राहियों को मिलनी चाहिए.

- कन्हैयालाल कुन्हारे

बुजुर्गों के कुछ और भी खर्च होते हैं, महंगाई दिनोदिन बढ़ रही है, पेंशन योजना में मात्र 600 रुपए दिए जाते हैं, वह भी कई बार नहीं दिए जाते. पेंशन की राशि कम से कम डेढ़ हजार रुपए प्रति महीना होना चाहिए.

- गंगाराम